तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, सोमवार 4 मई 2026

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]

4 सुबह से ही झुलसा रही सूरज की किरणें रात को भी चल रही गर्म हवाएं



## खबर संक्षेप

### 36 नाबालिगों को परिजनों से मिलाया

**रायगढ़।** पुलिस ने अप्रैल महीने में 251 गुम इंसानों सहित 36 नाबालिगों को उनके परिजनों से मिलाया। उनकी घर वापसी से कई परिवारों के चेहरों पर मुस्कान लौट आई। पुलिस ने जिले के भीतर ही नहीं बल्कि दूसरे जिलों और दूसरे राज्यों तक पहुंचकर बच्चों और गुम इंसानों को सकुशल वापस लाया। वहीं जिन मामलों में नाबालिगों को बहला-फुसलाकर भगाने या शारीरिक शोषण की पुष्टि हुई, वहां आरोपियों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई भी की गई। बीते दिनों जूटमिल, पूंजीपथरा और कोतवाली पुलिस ने कई मामलों में त्वरित कार्रवाई कर नाबालिगों को सुरक्षित बरामद भी किया। गुम नाबालिगों से जुड़े मामलों में साक्ष्य के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध पॉक्सो एक्ट के तहत कठोर कार्रवाई की गई। इस अभियान में सबसे अधिक 42 गुम इंसान की खोज लैलूंगा थाने द्वारा की गई है, जिसमें से एक गुम इंसान को दिल्ली से लाया गया। उसके बाद थाना चक्रधरनगर 29, जूटमिल 27, पूंजीपथरा 24, कोतवाली और पुसौर 23-23, कोतरारोड और भूपदेवपुर 12-12, घरघोड़ा 11, कापू 10, तमनार 9, धरमजयगढ़ 8, खरसिया 7, चौकी खरसिया 4, चौकी जोबी 3, चौकी रैरूमाखुर्द 1 गुम इंसानों को खोज निकला।

### जनचौपाल में दी गई महिला सुरक्षा की जानकारी



**रायगढ़।** थाना तमनार क्षेत्र के ग्राम महलोई में पुलिस ने जनचौहान का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इस जनचौपाल में महिला सुरक्षा और साइबर सतर्कता पर ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उन्हें जागरूक किया गया। इस दौरान थाना प्रभारी प्रशांत राव आहेर ने महिला सुरक्षा को लेकर ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि नाबालिगों और महिलाओं से संबंधित अपराध जैसे छेड़खानी, घरेलू हिंसा, पॉक्सो एक्ट, मानव तस्करी और अपहरण जैसे मामलों में वर्तमान कानून के तहत कठोर सजा और त्वरित कार्रवाई का प्रावधान है। जनचौपाल में अभिभावकों से बच्चों को अच्छे संस्कार देने और किसी के बहकावे में न आने की अपील की। इसके बारे में गया कि किसी भी महिला पीड़ित को तत्काल पुलिस सहायता और परामर्श उपलब्ध कराया जाता है। साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को देखते हुए थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को विशेष रूप से सचेत किया। उन्होंने बताया कि मोबाइल या सोशल मीडिया के माध्यम से अज्ञात व्यक्तियों पर भरोसा करना खतरनाक हो सकता है। किसी भी स्थिति में अपनी निजी जानकारी, बैंक डिटेल या ओटीपी साझा न करें और किसी भी अनजान लिंक या लालच भरे ऑफर से दूर रहने की अपील की। इसके साथ ही सड़क सुरक्षा पर भी विशेष जोर दिया गया।

## शिक्षा विभाग का सिस्टम हो चुका है फेल, सेंट्रलाइज होने का भुगत रहे खामियाजा

# गुरुजी ने बताया पास हो गए हो, ग्रेड का पता नहीं, किसी भी स्कूल में नहीं पहुंचा प्रगति प्रत्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

मिडिल और प्रायमरी के गुरुजी अपने स्कूल के बच्चों को बता दिए पास हो गए हो, लेकिन ग्रेड का पता ही नहीं है। कारण किसी भी स्कूल में प्रगति पत्रक पहुंचा ही नहीं है। यह शिक्षा विभाग का सिस्टम है जो इस कदर फेल हो चुका है कि उसे पटरी पर लाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन भी है। खास बात यह है कि कई स्कूलों से तो बच्चों का ग्रेड ही नहीं भेजी गई है। ऐसे में प्रगति पत्रक तैयार करने में भी दिक्कत हो रही है। ऐसा नहीं है कि पूरा ही प्रगति पत्रक गायब है। किसी स्कूल में कक्षा चौथी तो किसी में कक्षा दूसरी की पहुंच गई है। बाकी कक्षाओं के लिए एचएम इंतजार कर रहे हैं। एक ही क्लास का प्रगति पत्रक वितरण तो कर नहीं सकते। ऐसे में इंतजार करने के अलावा कोई चारा नहीं है। दूसरी ओर सेंट्रलाइज होने का खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।



स्कूल में पढ़ाई करते बच्चे।

30 अप्रैल को प्राइमरी और मिडिल स्कूल के बच्चों का परिणाम जारी करना था, लेकिन रायगढ़ ही ऐसा जिला जहां बच्चों को मौखिक बता दिया गया पास हो गए है, लेकिन किसी को प्रगति पत्रक दिया ही नहीं गया है। ऐसे में बच्चों को अपने ग्रेड की जानकारी नहीं है। कारण दूसरे स्कूलों में पेपर की जांच हुई है और सीधे नंबर के साथ बच्चों का ग्रेड माशिमं को भेज दी गई है। वहां से प्रिंट होकर आया नहीं है। यह केवल एक जिले का नहीं बल्कि पूरे प्रदेश भर का हालात है। कब तक प्रगति पत्रक आएगा यह अधिकारी भी नहीं बता पा रहे हैं।

### कितने बच्चे परीक्षा में पास हुए यह भी जानकारी नहीं

दिलचस्प बात यह है कि जिले के सात ब्लॉक में प्राइमरी और मिडिल में कितने बच्चे पास हुए यह जानकारी भी शिक्षा विभाग के पास नहीं है। जानकारी मिली है कि ब्लॉकों से बीईओ इसकी जानकारी भेजे ही नहीं है। ऐसे में यह भी पता नहीं चल पा रहा है पास होने वाले बच्चों का प्रतिशत कितना है। याने शिक्षा विभाग में नेतृत्व की कमी का यह असर देखने को मिल रहा है। बीईओ अपनी मनमानी कर रहे हैं, डीईओ के निर्देश का पालन ही नहीं कर रहे हैं। इस वजह से अब तक पास होने वाले बच्चों की जानकारी तक विभाग के पास नहीं है।

# रायगढ़ को पहली बार मिली एपीसी बैठक की मेजबानी

- आज जुटेंगे आला अफसरों के साथ 8 जिले के अधिकारी
- खरीफ सीजन की तैयारी और नवाचार पर होगी मंथन, कई एजेंडों पर होगी चर्चा



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ जिले को पहली बार एपीसी (कृषि उत्पादन आयुक्त) बैठक की मेजबानी मिली है। इसके पहले यह बैठक संभाग में होती थी। इस बार रायगढ़ का चयन किया गया है। ऐसे में यहां इस बैठक को लेकर जिला प्रशासन समेत कृषि विभाग भारी उत्साहित हैं।

इसकी तैयारी पूरी हो गई है। इसके लिए रविवार को देर शाम तक अधिकारी पहुंच गए हैं। खास बात यह है कि इस बैठक में मंत्रालय समेत 8 जिलों के आलाधिकारियों की मौजूदगी रहेगी। आलाधिकारियों को रायगढ़ जिले के लैलूंगा का प्रसिद्ध केलो जवाफुल चावल के साथ यहां उत्पादित रागी, कोदो-कुटकी समेत अन्य चीजें बतौर भेंट दिया जाएगा। इस बैठक के लिए एजेंडा पहले से ही तय कर दिया गया है।

### इन एजेंडों पर होगी चर्चा

नवीन उर्वरक वितरण, पीएम किसान, उर्वरकों का वैकल्पिक स्रोत, खरीफ सीजन में जिलेवार उर्वरकों की मांग, भंडारण, और वितरण की प्रस्तुतीकरण, प्राइज सपोर्ट स्कीम, अल्पकालीन लोन, जैव उर्वरक, हरी खाद बीज समेत अन्य एजेंडे शामिल हैं।

# सुरक्षा को लेकर लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट में मॉक ड्रिल

**रायगढ़।** मजदूर दिवस के अवसर पर जिले की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान ऑक्सीजन भराई के समय लीकेज होने तथा एक ऑपरेटर के घायल होने की स्थिति का परिदृश्य तैयार किया गया। साथ ही कंटेनमेंट, रेस्क्यू, सप्रेशन एवं ऑल क्लियर जैसी पूरी आपातकालीन प्रक्रिया का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया।

इस अभ्यास में सुरक्षा दल, अग्निशमन दल, ऑक्सीजन संयंत्र दल, संयोजन स्टाफ एवं



औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम शामिल रही। इसी क्रम में संयंत्र परिसर एवं मुख्य द्वार पर श्रमिकों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। अन्य औद्योगिक इकाइयों जैसे एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड तथा में भी इसी प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। मजदूर दिवस के अवसर पर सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयंत्र परिसर में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, अग्निशमन अभ्यास तथा हृदय-फेफड़ा पुनर्जीवन (सीपीआर) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।इन आयोजनों का उद्देश्य कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना है।

**देहजरी भालूनारा बेरियर के पार ट्रेलर से टकराई कार, खरसिया थाना क्षेत्र का मामला**

# शादी से लौट रहे परिवार के साथ भीषण हादसा, आधा दर्जन घायल

**रायगढ़।** खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देहजरी भालूनारा बेरियर के पास शादी कार्यक्रम से लौट रहे एक परिवार के साथ भीषण हादसा हो गया। उनकी कार और सामने से आ रहे ट्रेलर में टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में 7 लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अस्पताल भेजा गया।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार खड़गांव और कोईलार का एक परिवार शादी समारोह में शामिल होने के लिए लोढ़ाझर जा गया था। जिसके बाद शादी समारोह खत्म होने के बाद वे शनिवार की शाम को वापस अपने गांव लौट रहे थे। इसी बीच खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत देहरजी भालूनारा बेरियर के पास



सामने से आ रहे ट्रेलर ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार सड़क से उछल कर दूसरी ओर जा गिरी। इस दुर्घटना के बाद मौके पर अतऊरा तफरी मच गई। वहीं इस हादसे में कार में सवार 7 लोग बुरी तरह से घायल हो गए।

# जनगणना में सुपरवाइजरों की ड्यूटी शहर की सफाई व्यवस्था हो रही बेहाल

**रायगढ़।** जनगणना के तहत मकानों की मार्किंग करने नगर निगम के सफाई सुपरवाइजर व वार्डो के मोहर्रिर सहित कई कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इसके कारण जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग के अभाव में साफ-सफाई से लेकर कई तरह के कार्य लगातार प्रभावित हो रहे हैं। आलम यह है कि वार्डवासियों को अपना काम कराने के लिए कई बार नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। किंतु जनगणना में ड्यूटी लगने की वजह से संबंधित कर्मचारी कार्यालय में बैठ ही नहीं रहे हैं, ऐसे में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

वर्तमान में नगर निगम के ज्यादातर कर्मचारी विशेष तौर सफाई सुपरवाइजर और वार्डों के मोहर्रिर को जगणना 2027 के तहत मकानों की मार्किंग करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ऐसे में सफाई सुपरवाइजर और वार्ड मोहर्रिर सुबह से ही मकानों की मार्किंग करने के लिए निकल पड़ते हैं। इस कार्य में वे इतने उलझ गए हैं कि उनके पास ना तो कार्यालय में बैठने का समय है और ना ही नगर निगम में अपनी परेशानियां लेकर पहुंचे लोगों की समस्याएं सुनने और उसका समाधान करने का। ऐसी स्थिति में लोगों के काम हर दिन अटक रहे हैं और लोगों को बार-बार नगर निगम के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। सूत्र बता रहे हैं कि मोहर्रिर के कार्यालय में नहीं बैठने के कारण लोगों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। कई लोग तो ऐसे भी हैं जो दिन भर में दो से तीन बार नगर निगम के चक्कर इसलिए काटने को मजबूर हैं, क्योंकि उनका काम मोहर्रिर के बिना हो ही नहीं सकता और दूसरी ओर वार्ड मोहर्रिर जनगणना कार्य में व्यस्त होने की बात कहते नजर आ रहे हैं। कुछ तो जनगणना तक काम नहीं हो पाने की भी बात कह रहे हैं।



### सिर पर स्वच्छता सर्वेक्षण, सफाई व्यवस्था बेहाल

सूत्र बताते हैं कि नगर निगम में कार्यरत लगभग सभी सफाई दरोगा व सुपरवाइजर की ड्यूटी जनगणना के तहत मकानों की मार्किंग करने में लगा दी गई है। ऐसी स्थिति में जमीनी स्तर होने वाली वार्डों की साफ-सफाई सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। क्योंकि सफाई सुपरवाइजर मकानों की मार्किंग में उलझे हुए हैं, ऐसे में कई वार्डों की साफ सफाई की मॉनिटरिंग नहीं होने पाने की वजह से गदंगी पसरी हुई है। वहीं सूत्र बता रहे हैं कि जल्द ही स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए टीम पहुंच सकती है, लेकिन इसके लिए नगर निगम की तैयारियां जमीनी स्तर पर नहीं हो पा रही है, क्योंकि अधिकांश सफाई दरोगा व सुपरवाइजर को जनगणना कार्य में झोंक दिया गया है। इसकी वजह से कई

## सात सेंटर में हुई परीक्षा, 84 अभ्यर्थी रहे अनुपस्थित

# डॉक्टर बनने ढाई हजार ने आजमाई किस्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नीट की परीक्षा रविवार को आयोजित की गई थी, जिसमें जिले में 2 हजार 428 ने परीक्षा दिलाई। जबकि इस परीक्षा में सिर्फ 84 परीक्षार्थी ही अनुपस्थित रहे, वहीं नीट की परीक्षा के लिए कुल 2 हजार 512 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था। नीट की परीक्षा के लिए जिले मे 7 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। सभी केन्द्रों में पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था देखने को मिली।

इस दौरान परीक्षार्थियों के आईडी कार्ड की जांच की गई। जिसके बाद उन्हें प्रवेश दिया गया। यह परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक आयोजित की गई। जिसमें केंद्रीय विद्यालय, पीजी कॉलेज, नटवर स्कूल, पॉलिटेक्निक कॉलेज, केएमटी कॉलेज, जूटमिल व किरोड़ीमलनगर शासकीय विद्यालय शामिल




थे। इस परीक्षा में केंद्रीय विद्यालय में 465, पीजी कॉलेज में 474, नटवर स्कूल में 401, पॉलिटेक्निक कॉलेज में 342, केएमटी कॉलेज में 271, जूटमिल शासकीय स्कूल में 239 और किरोड़ीमलनगर शासकीय विद्यालय में 236 परीक्षार्थी उपस्थित हुए।



## खबर संक्षेप

### कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश हेतु आवेदन 15 मई से

**अम्बिकापुर।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर के प्राचार्य ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के निर्देश के परिपालन में शा. कन्या शिक्षा परिसर में शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 22 जून 2025 को प्रातः 11 बजे से 1 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस हेतु कक्षा 5वीं एवं 8वीं में पंजीयन के लिए छात्राओं का ग्रेड ए होना अनिवार्य है। परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु छात्राओं को कार्यालय प्राचार्य शा. कन्या शिक्षा परिसर अम्बिकापुर में कार्यालयीन समय में पंजीयन कराना अनिवार्य है पंजीयन की तिथि 15 मई से 13 जून तक है। कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं में प्रवेश हेतु पंजीयन के लिए उत्तीर्ण कक्षा 5वीं एवं 8वीं में ग्रेड ए की अंकसूची, आधार कार्ड, स्थायी जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र की फोटोकॉपी साथ लाना होगा एवं मोबाइल नम्बर नोट कराना आवश्यक होगा। कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु 10वीं की बोर्ड परीक्षा में प्राप्तांकों के आधार पर प्रावीण्य सूची पर प्रवेश दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कक्षा 6वीं के लिए कुल 35 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 28, अनुसूचित जाति 5,अन्य पिछड़ा वर्ग 2 सीट है। कक्षा 9वीं के लिए कुल 11 सीट है जिसमें अनुसूचित जनजाति 8, अनुसूचित जाति 3 है। वहीं कक्षा 11वीं के लिए 8 सीट है, जिसमें अनुसूचित जाति 6, अनुसूचित जाति 2 सीट है। सीटों की संख्या में आवश्यकतानुसार वृद्धि एवं कमी हो सकती है।

### 25 ग्राम पंचायतों के लिए लगेगा शिविर

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार सुशासन तिहार-2026 अंतर्गत 10 जून तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के तहत जिले में कुल 30 क्लस्टर में शिविर आयोजित होंगे, जिसमें सभी विकासखण्डों में 24 एवं नगरीय क्षेत्र में 6 शिविर होंगे। इन शिविरों में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी एवं शासकीय योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता सुनिश्चित की जाएगी। हितग्राहीमूलक योजनाओं के आवेदन पत्र/प्रपत्र उपलब्ध कराए जाएंगे एवं आवेदन (मांग/शिकायत) लिए जाएंगे। जिसमें 25 ग्राम पंचायतों कांतिप्रकाशपुर, श्रीगढ़, बधियाचुआं, मानिकप्रकाशपुर, कंठी, करजी, सोहगा, बरटिकरा, शिवपुर, बकालो, खाला, कतकालो, सखौली, कुबेरपुर, आमादरहा, मोहनपुर, तिहपटरा, रेवापुर, पोड़पि, दरिमा, कोटेया, छिन्दकालो, लिबरा, करेया, महुआटिकरा के ग्रामीण अपने मांगो एवं शिकायतों सम्बन्धी आवेदन देंगे। शिविर प्रभारी अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) अम्बिकापुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बिकापुर होंगे।

### पति ने किया विवाद तो पत्नी ने बच्चे के साथ पी लिया कीटनाशक

**अंबिकापुर।** बरात जाने को लेकर पति पत्नी के बीच हुए झगड़े में महिला द्वारा अपने साथ 5 साल के मासूम बच्चे को कीटनाशक पिलाने का हैरान करने वाला मामला सामने आया है। कीटनाशक पीने से गंभीर बच्चे को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां बच्चे की मौत हो गई। इधर कीटनाशक पीकर गंभीर महिला का उपचार कुनकुरी अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बाद परिजन सदमें में है। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर घटना की जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि जशपुर जिले के गुमला डोरंडाझरिया निवासी ईश्वर यादव 29 अप्रैल को अपने दोस्त की बारात जाने के लिए जिद कर रहा था जबकि उसकी पत्नी सुलोचनी पति को बारात जाने नहीं देना चाहती थी। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के बीच आक्रोशित महिला अपने 5 वर्षीय बच्चे आदित्य यादव को गोद में लेकर अंदर कमरे में चली गई। कुछ समय बाद जब पति कमरे में पहुंचा तो महिला और बच्चे दोनों के मुंह से झाग निकल रहा था और उनके मुंह से कीटनाशक की गंध आ रही थी। ऐसे में आनन फानन में महिला व मासूम बच्चे को उपचार के लिए परिजन द्वारा कुनकुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

# रायगढ़ प्रेस क्लब की चार दशक पुरानी कामना हुई पूरी, मिला अपना भवन

## आधुनिक सुविधाओं के साथ विकसित होगा सुव्यवस्थित कैंपस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़






बीते चार दशक से प्रेस क्लब भवन के लिए सघर्ष रहे पत्रकारों का कामना अब जाकर पूरी हुई है। रायगढ़ के पत्रकारों के लिए आज का दिन ऐतिहासिक रहा। वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने वार्ड क्रमांक 27 में 50 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले प्रेस क्लब सामुदायिक भवन का विधिवत शिलान्यास एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी पत्रकारों को बधाई दी।

■ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने किया भूमिपूजन, 50 लाख से बनेगा आधुनिक परिसर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि प्रेस क्लब भवन के लिए पत्रकार साथियों द्वारा निरंतर प्रयासए संवाद और फॉलोअप किया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज यह कार्य प्रारंभ हो सका है। उन्होंने बताया कि भूमि संबंधी प्रक्रिया पूर्ण होते ही शासन से 20 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई तथा 30 लाख रुपये विधायक निधि से स्वीकृत किए गए। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद जनहित से जुड़े ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जाती है, जो समाज के महत्वपूर्ण वर्ग को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने नगर निगम के माध्यम से टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की सराहना की तथा निर्माण एजेंसी को निर्देशित करते हुए कहा कि भवन निर्माण में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाए और पूरी राशि का उपयोग बेहतर निर्माण में किया जाए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कोरबा प्रेस क्लब का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां का सुव्यवस्थित भवन एक वातावरण प्रदान करता है और रायगढ़ में भी उसी स्तर का सुसज्जित एवं आधुनिक भवन तैयार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस निर्माण से रायगढ़ के पत्रकारों को एक सशक्त एवं सम्मानजनक मंच प्राप्त होगा। उन्होंने भवन के डिजाइन को लेकर कहा कि निर्माण इस प्रकार किया जाए कि भविष्य में प्रथम तल के विस्तार की संभावना बनी रहे। साथ ही परिसर के शेष हिस्से में पार्किंग, गार्डन एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं विकसित कर इसे एक सुव्यवस्थित कैंपस के रूप में तैयार किया जाए। उन्होंने मुख्य मार्ग के संभावित चौड़ीकरण को ध्यान में रखते हुए भवन का निर्माण व्यवस्थित ढंग से करने के निर्देश दिए। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि रायगढ़ में वर्तमान में अनेक विकास कार्य तेजी से संचालित हो रहे हैं और 100 से अधिक परियोजनाएं विभिन्न चरणों में हैं। इन कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है, जिससे समयबद्ध पूर्णता सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि उनके राजनीतिक जीवन का उद्देश्य केवल पद प्राप्त करना नहींए बल्कि जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना है। रायगढ़ के विकास के लिए वे प्रतिदिन समय देकर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हैं और आगे भी इसी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते रहेंगे। नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान ने कहा कि प्रेस क्लब का यह भवन समाज के सशक्त स्तंभ को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में रायगढ़ में निरंतर विकास कार्य हो रहे हैं और सभी वार्डों में आधारभूत सुविधाएं सुदृढ़ की जा रही हैं। प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष पुनीराम रजक ने कहा कि यह भवन पत्रकारों के लंबे समय से संजोए गए सपने को साकार करेगा। उन्होंने वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रायगढ़ में शिक्षा, अधोसंरचना और शहरी विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए जा रहे हैं। नालंदा लाइब्रेरी सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाएं इसका उदाहरण हैं, जिनसे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में समान रूप से विकास हो रहा है।

## पुलिस ने 48 घंटे में सुलझाया ब्लाइंड मर्डर केस

# शादी से लौट रहे बुजुर्ग की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिले के गम्हरिया क्षेत्र में बुजुर्ग की हत्या के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। खेत किनारे मिले 75 वर्षीय बुजुर्ग के शव के मामले में पुलिस ने महज 48 घंटे के भीतर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

■ गम्हरिया में खेत किनारे मिला था शव

■ दो आरोपी गिरफ्तार कर भेजे गए जेल

पुलिस के अनुसार 30 अप्रैल को थाना जशपुर को सूचना मिली थी कि ग्राम गम्हरिया स्थित अघोर आश्रम बाउंड्री के पास खेत में एक बुजुर्ग का शव पड़ा है। मृतक की पहचान बलराम उरांव उम्र 75 वर्ष, निवासी पंडरीपानी के रूप में हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। प्रथम दृष्टया मामला हत्या का होने पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उपमहानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेद सिंह के निर्देशन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने लगातार ग्रामीणों से पूछताछ, संदिग्धों की गतिविधियों की जांच और मुखबिरों से जानकारी जुटाई। जांच के दौरान पुलिस को ग्राम पंडरीपानी निवासी अरविंद कुजूर उम्र 40 वर्ष और सुखनाथ बड़ा उम्र 50 वर्ष पर संदेह हुआ। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों ने हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों ने बताया कि 29 अप्रैल की रात वे गम्हरिया में राजू महतो के घर शादी समारोह में खाना खाने गए थे। वहां मृतक बलराम उरांव भी मौजूद था। रात करीब 8:30 बजे जब सभी वापस गांव लौट रहे थे, तभी बलराम उरांव ने दोनों पर गुलेल से पत्थर मारना शुरू कर दिया। इसी बात से नाराज होकर दोनों आरोपी पास में रखी सरई लकड़ी की फाड़ी उठा लाए और ताबड़तोड़ हमला कर दिया। गंभीर चोटों से मौके पर ही बुजुर्ग की मौत हो गई। इसके बाद आरोपी शव को सड़क किनारे छोड़कर फरार हो गए।

### न्यायिक रिमांड पर जेल

पुलिस ने 2 मई को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### इनकी रही अहम भूमिका

पूरे मामले के खुलासे में थाना प्रभारी जशपुर मोरध्वज देशमुख, उप निरीक्षक भागवत नायकर, साइबर सेल प्रभारी नसरुद्दीन अंसारी तथा प्रधान आरक्षक अनंत मिराज की सराहनीय भूमिका रही।

## पत्थलगांव वन परिक्षेत्र के जंगलों में रायगढ़ की ओर से घुसा 30 हाथियों का दल



**जशपुरनगर।** जिले में एक बार फिर जंगली हाथियों के बड़े दल ने ग्रामीणों की चिंता बढ़ा दी है। करीब 30 हाथियों का दल, जिसमें 8 शावक भी शामिल हैं, लैलूंगा वन परिक्षेत्र से निकलकर पत्थलगांव वन परिक्षेत्र में पहुंच गया है। हाथियों की अचानक आमद से आसपास के गांवों में दहशत एवं सतर्कता का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथियों का दल फिलहाल पीठाआमा के जंगल में डेरा डाले हुए है। हालांकि, उनकी लगातार बदलते लोकेशन से आसपास के गांवों की चिंता बढी हुई है। जैसे ही हाथियों की गतिविधि की सूचना मिलती है, वन विभाग तत्काल मुनादी कर ग्रामीणों को अलर्ट कर रहा है। हाथियों के झुंड ने रास्ते में कई किसानों की केला फसल और पेड़ों को रौंद दिया है। इसके अलावा बाड़ियों में लगे सिंचाई पम्पों को भी नुकसान पहुंचाया गया है।

■ कई गांवों में अलर्ट, फसलों और सिंचाई पम्पों को पहुंचा रहे नुकसान

## देश को गुमराह करना कांग्रेस का प्रमुख कामः भगत



**जशपुरनगर।** विधायक रायमुनी भगत ने विधानसभा में कांग्रेस पर जमकर निशाना साधते हुवे गंभीर आरोप लगाया और कहा कि भाजपा के द्वारा धारा 370 को समाप्त करने लाया गया विधेयक,सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक, ऑपरेशन सिंदूर जैसे विधेयकों का विरोध कांग्रेस ने किया है,इसको देख कर चिंता होता है कि कांग्रेस के लोग किस ओर देश को ले जाना चाह रहे हैं।कांग्रेस पर विकास के राह में रोड़ा और देश को टुकड़ों में बांटने वालों के साथ खड़ा होने जैसे गंभीर आरोप श्रीमती रायमुनी भगत ने लगाए हैं।सदन में अपने भाषण के दौरान श्रीमती भगत ने कांग्रेस पर भाजपा के द्वारा अब तक सदन में प्रस्तुत किए गए सभी विधेयकों पर विरोध करने का भी बात कहा है।

■ जशपुर विधायक ने विस में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना

श्रीमती भगत ने कहा कि जब जब भाजपा के द्वारा कोई भी विधेयक संसद में प्रस्ताव पारित करने लाया जाता है तब तब कांग्रेस सहित इनके सहयोगी दलों के द्वारा अच्छे विधेयकों का विरोध किया जाता है।ये लोग देश के टुकड़े करने वाले लोगों का साथ देते हुए दिखाई देते है।नक्सलवाद की जड़ों को मजबूत कर रहे खूंखार नक्सली हिड़मा के मारे जाने पर भी कांग्रेस ने सवालिया निशान खड़ा किया। कांग्रेस का दिखाने का दांत अलग और खाने का अलग है। भाजपा के हर अच्छे विधेयक का विरोध करना इनका आदत बन गया है,जनता को गुमराह करना इनका प्रमुख कारनामा है। कांग्रेस के द्वारा ढोंग रचा जनता को गुमराह किया जा रहा है,विधेयक का विरोध किए जाने पर भारत की महिलाओं के द्वारा इसका जवाब दिया जायेगा,इस विरोध के लिए महिलाएं आपको कभी माफ नहीं करेंगी।वर्ष 2014 में यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी के द्वारा सरकार में आते ही नारी शक्ति का सम्मान करते हुवे उनके जन्म से लेकर अंतिम सांसों तक के लिए एक एक योजना इस पवित्र सदन में बैठ कर तैयार किया गया है,बेटी का गर्भ में हत्या न हो इस कारण बेटी पढ़ाओ और बेटी बचाओ योजना बनाई गई,गर्भ काल में माता को तकलीफ न हो उन्हें पूरक पोषण आहार पूरा मिले इस लिए उन्हें 5 हजार का राशि सरकार के तरफ से दिया जा रहा है। स्कूल में पढ़ने लिखने में बेटियों को तकलीफ ना हो इस लिए सरकार उनकी चिंता करते हुवे उन्हें सेनेटरी नैपकिन तक उपलब्ध करा रही है।इसके अलावा बेटियों के लिए 70 प्रतिशत शौचालय स्कूलों में बनाकर तैयार कर दिया गया है,प्रधानमंत्री आवास योजना में भी महिलाओं के नाम से मकान बना है।नारी शक्ति वंदन के साथ महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ में चल रहा है जिस प्रकार पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में महिलाओं के नाम पर राशन कार्ड बना और इस बार की सरकार में जमीन की खरीदी में भी महिलाओं को छूट कर भा जपा की सरकार चाहे केंद्र में हो या राज्य में हो सफलता पूर्वक योजनाओं को बना इसका क्रियान्वयन कर रही है।

## नवा टोली में जर्जर कुएं के जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



नगर के वार्ड क्रमांक 2 स्थित नवा टोली में लंबे समय से जर्जर अवस्था में पड़े पुराने कुएं के सुधार की दिशा में आज एक महत्वपूर्ण पहल की गई। सुबह स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों द्वारा कुएं की स्थिति का स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें इसकी दयनीय हालत को देखते हुए तत्काल कार्यवाही का निर्णय लिया गया।

■ जनसहयोग से जल्द पूरा होने की उम्मीद

निरीक्षण के महज दो घंटे के भीतर ही प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की सक्रियता से कुएं की साफ-सफाई, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ कर दिया गया। इस त्वरित पहल से वार्डवासियों में खुशी और संतोष का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, वार्ड पार्षद सुधीर पाठक, एनजीओ के जिला संयोजक रूपेश सोनी, जिला मंत्री संतोष सिंह, सुनील सिंह, एतवा राम सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने इस कार्य को जनहित में अत्यंत आवश्यक बताते हुए इसे समयबद्ध तरीके से पूरा करने का संकल्प लिया।

## नंदेली की शीतल ने 12 वीं में प्रदेश में हासिल किया 8 वां स्थान



**खरसिया।** प्रतिभा किसी परिचय की मोहताज नहीं होती, इसे सच कर दिखाया है ग्राम नंदेली की होनहार छात्रा शीतल साहू ने। 12वीं बोर्ड परीक्षा में शीतल ने गणित विषय के साथ 96.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रदेश की प्राविण्य सूची में आठवां स्थान प्राप्त किया है। कठिन माने जाने वाले गणित विषय में इतनी बड़ी सफलता अर्जित कर शीतल ने क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। शीतल साहू, महेंद्र सिंह पटेल स्कूल नंदेली की छात्रा हैं। उनकी इस सफलता पर उनके पिता जगदीश साहू और माता शांति साहू अत्यंत गौरवान्वित हैं। परिजनों का कहना है कि शीतल शुरू से ही पढ़ाई के प्रति समर्पित रही है और गणित जैसे जटिल विषय को उसने अपनी मेहनत से सुलभ बना लिया। अपनी सफलता का मंत्र साझा करते हुए शीतल ने बताया कि उन्होंने नियमित अध्ययन और शिक्षकों के मार्गदर्शन पर भरोसा किया। भविष्य की योजनाओं पर चर्चा करते हुए शीतल ने स्पष्ट किया कि उनका सपना आईएएस भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। वह समाज के वंचित वर्गों के लिए काम करना चाहती हैं और प्रशासनिक क्षेत्र में अपनी पहचान बनाना चाहती हैं।

## अभिनव स्कूल पुसौर के विद्यार्थियों को गणित में मिले पूरे अंक


**पुसौर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा सत्र 2025-26 के लिए घोषित 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में अभिनव विद्या मंदिर पुसौर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। स्कूल के हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों माध्यमों के छात्रों ने शानदार सफलता हासिल कर संस्था का नाम रोशन किया है।

हिंदी माध्यम का रिजल्टरू 10वीं में 87.77 प्रतिशत, 12वीं में 83.33 प्रतिशत सफल रहे हिंदी माध्यम में कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 87.77 प्रतिशत रहा, जबकि कक्षा 12वीं में 83.33 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। कक्षा 10वीं में 7 बच्चों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट में जगह बनाई। टॉपर्स की सूची में कु. अर्पिता प्रधान 97.00 प्रतिशत सुमित भोय, 95.33प्रतिशत, कु. लक्ष्मी साव 95.17 प्रतिशत, कु श्रद्धा शर्मा 94.33 प्रतिशत, कु. प्रिंसी गुप्ता 93.50 प्रतिशत, कु. कोमल गुप्ता 93.50 प्रतिशत, कु. आँचल गुप्ता 90.83 प्रतिशत, वहीं कक्षा 12वीं में भी 4 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए जिसमें रोशनी गुप्ता 94प्रतिशत, सुस्मिता नायक 93.2 प्रतिशत, प्रिंसी प्रधान 92.6 प्रतिशत, कु. आयुषी सतपथी 90.4प्रतिशत इन परिणामों के बीच गणित में चार छात्रों ने रचा इतिहास रचा है जिसमें वे 100 में 100 अंक अर्जित किए हैं। जो स्कूल के लिए गौरव की बात है और वो छात्र अभिलाषा गुप्ता, अर्पिता प्रधान, कोमल गुप्ता और लक्ष्मी साव है। जो उनके मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इसी तरह अभिनव स्कूल के अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 10वीं में 79.16 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए जबकि कक्षा 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। यानी 12 वीं के सभी छात्र उत्तीर्ण हुए। इस उपलब्धि को लेकर शिक्षण समिति और स्टाफ ने दी बधाई दी जिसमें शिक्षण समिति के अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय, उपाध्यक्ष डोलेश्वर गुप्ता, कोषाध्यक्ष घनश्याम पटेल, संचालक अक्षय कुमार सतपथी और प्राचार्य अंग्रेजी माध्यम श्रीमती मंजुलता गुप्ता ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मजदूर दिवस पर औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा एवं स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**रायगढ़।** मजदूर दिवस के अवसर पर जिले की प्रमुख औद्योगिक इकाइयों में श्रमिकों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के लिक्विड ऑक्सीजन प्लांट में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। मॉक ड्रिल के दौरान ऑक्सीजन भराई के समय लीकेज होने तथा एक ऑपरेटर के घायल होने की स्थिति का परिदृश्य तैयार किया गया। इस दौरान कंटेनमेंट, रेस्क्यू, सप्रेशन एवं ऑल क्लियर जैसी पूरी आपातकालीन प्रक्रिया का सफलतापूर्वक अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में सुरक्षा दलए अग्निशमन दलए ऑक्सीजन संयंत्र दल, संयोजन स्टाफ एवं औद्योगिक स्वास्थ्य केंद्र की टीम शामिल रही। इसी क्रम में संयंत्र परिसर एवं मुख्य द्वार पर श्रमिकों के लिए शरबत वितरण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। औद्योगिक इकाइयों जैसे एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड भी इसी प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गईं। मजदूर दिवस के अवसर पर सुरक्षा अधिकारियों द्वारा संयंत्र परिसर में प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण, अग्निशमन अभ्यास तथा हृदय फेफड़ा पुनर्जीवन सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए।



# क्या 'भूत बंगला' में किरदार छोटा होने से खफा हैं तब्बू..?

**मुंबई।** फिल्म 'भूत बंगला' सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद से अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 'हेरा फेरी' (2000) के बाद, अक्षय कुमार और तब्बू ने इस फिल्म से 25 साल बाद साथ में वापसी की है। काफी वक्त से चर्चा थी कि फिल्म में कथित तौर पर किरदार छोटा किए जाने के कारण तब्बू निर्माताओं से खफा हैं। यह भी कहा गया कि अक्षय ने उनका किरदार छोटा कराया था। अब निर्देशक प्रियदर्शन ने इन खबरों पर प्रतिक्रिया दी है। पिंकविला से बातचीत में, निर्देशक ने दावों को खारिज करते हुए कहा, मुझे नहीं पता कि ये नकारात्मक खबरें कौन और क्यों फैला रहा है। मैं 'भूत बंगला' का निर्देशक हूं।

## लाइफStyle



# सान्या

## 'पगलैट' बनकर करेंगी दमदार वापसी

सान्या मल्होत्रा ने अपने करियर में हमेशा अलग-अलग तरह की भूमिका निभाकर दर्शकों को प्रभावित किया है। साल 2021 में उनकी फिल्म 'पगलैट' आई थी जो एक डार्क कॉमेडी ड्रामा थी। इस फिल्म में अभिनेत्री ने एक ऐसा चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया था जो शादी के तुरंत बाद विधवा हो जाती है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

ताजा खबर है कि नेटफ्लिक्स पर आई यह फिल्म सीक्वल के साथ दोबारा दर्शकों का मनोरंजन करने लौटेगी। यह सिखिया एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स इंडिया की साझेदारी का प्रतीक होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, सिखिया एंटरटेनमेंट और नेटफ्लिक्स इंडिया अपनी डार्क ड्रामा-कॉमेडी फिल्म के सीक्वल 'पगलैट 2' के लिए साथ आ रहे हैं। सीक्वल पर काम शुरू हो चुका है और सान्या अपने किरदार 'संध्या गिरी' के रूप में वापसी करेंगी। मूल फिल्म के निर्देशक उमेश बिष्ट ही सीक्वल का निर्देशन करेंगे और कहानी को एक नए दृष्टिकोण से आगे बढ़ाएंगे। हालांकि यह तय नहीं हुआ है कि सीक्वल पहले भाग की कहानी को आगे बढ़ाएगा या नई कहानी लाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, निर्माताओं द्वारा सीक्वल में पहले भाग की तरह ही हास्य और भावनात्मक गहराई का अनूठा मिश्रण बरकरार रखा जाएगा। फिल्म की शूटिंग अगस्त या अक्टूबर, 2026 के आसपास से शुरू होने की उम्मीद है। काम की बात करें, तो सान्या को आखिरी बार राजकुमार राव की फिल्म 'टोस्टर' में देखा गया था। यह फिल्म हाल ही में नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी। आने वाले दिनों में अभिनेत्री बॉबी देओल की फिल्म 'बंदर' (5 जून, 2026) में दिखेंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# पहले ही दिन 1.95 करोड़ की कमाई की...

**लॉस एंजिल्स।** 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। लोगों की तरफ से फिल्म को लेकर पॉजिटिव रिएक्शन देखने को मिल रहे हैं। फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा' का सीक्वल है, जिसे नए अंदाज में बनाया गया है। आइए जानते हैं फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस और वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन किया है। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म ने भारत में खबर लिखे जाने तक टोटल नेट 1.95 करोड़ की कमाई कर ली है। फिलहाल इसके आंकड़ों में बढ़ोतरी हो सकती है।




# नशा और बेकाबू रफ्तार पर ब्रिटनी पर आरोप तय...

**लॉस एंजिल्स।** पॉप स्टार ब्रिटनी स्पीयर्स पर कैलिफोर्निया में शराब और ड्रग्स के प्रभाव में गाड़ी चलाने का औपचारिक आरोप दर्ज किया गया है। यै मामला मार्च 2026 की उस घटना से जुड़ा है, जब उन्हें अपनी कार को लापरवाही से चलाने के लिए रोका गया था। फिलहाल, ब्रिटनी स्वेच्छा से एक रिहैब सेंटर में अपना इलाज करा रही हैं, जबकि इस मामले में उनकी कोर्ट में सुनवाई सोमवार को होनी तय हुई है। सोमवार 4 मई को होने वाली सुनवाई में उन्हें व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होने की जरूरत नहीं है, उनकी जगह वकील पक्ष रखेंगे। कैलिफोर्निया के वेंचुरा काउंटी जिला अटॉर्नी कार्यालय ने उन पर शराब और ड्रग्स के संयुक्त प्रभाव में गाड़ी चलाने का आरोप लगाया है।



# सिद्धार्थ- कियारा की पर्दे पर होगी वापसी

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और कियारा आडवाणी अब एक बेटी के माता-पिता बन चुके हैं। हालांकि उनकी प्रेम कहानी की शुरुआत फिल्म 'शेरशाह' (2021) के सेट पर हुई थी और दोनों की जोड़ी को फैंस ने खूब पसंद किया था। लगता है कि यह जोड़ा एक बार फिर फिल्मी पर्दे पर साथ आने की तैयारी कर रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं, बल्कि अभिनेता की ताजा इंस्टाग्राम पोस्ट देखकर लोगों ने अंदाजा लगाना शुरू कर दिया है। सिद्धार्थ ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शूटिंग की एक तस्वीर साझा की है। पीछे से ली गई तस्वीर में उनके साथ कियारा भी मौजूद हैं और दोनों कैमरे की ओर देख रहे हैं। जहां अभिनेता ने सफेद शर्ट के साथ नील जींस पहनकर कैजुअल लुक लिया, तो वहीं कियारा ने गुलाबी धारीदार शर्ट और सफेद पैंट पहनी है।



# 'पेड्डी' को मिली नई रिलीज तारीख...

**मुंबई।** सुपरस्टार राम चरण और जाह्नवी कपूर की फिल्म 'पेड्डी' एक बार फिर चर्चा में हैं। निर्माताओं ने आधिकारिक ऐलान करते हुए आखिरकार इसकी नई रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। पहले फिल्म अप्रैल में रिलीज करने की तैयारी थी, लेकिन निर्देशक बुची बाबू सना ने इसे आगे बढ़ाने का फैसला लिया। उन्होंने बची हुई शूटिंग का हवाला देते हुए रिलीज को स्थगित करने ऐलान किया था। हालांकि, अब 'पेड्डी' को जून में रिलीज किया जाएगा। संगीतकार एआर रहमान ने 'पेड्डी' का नया पोस्टर जारी करते हुए लिखा, 'दृढ़ संकल्प ही उसकी कहानी है। दृढ़ निश्चय ही उसका हथियार है। #पेड्डी 4 जून, 2026 को विश्वव्यापी रिलीज।' पहले 4 जून को यश अभिनीत फिल्म 'टॉक्सिक' को रिलीज होना था, लेकिन अब उसे टाल दिया गया है।

## टीवी मसाला

# 'सिंगल हूं, कमजोर नहीं', एक शो से रातोंरात स्टार बनी थीं एक्ट्रेस...

**नई दिल्ली।** टीवी इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस रश्मि देसाई ने हाल ही में अपनी पर्सनल लाइफ, करियर और जिंदगी के संघर्षों को कई राज खोले हैं। रश्मि ने बताया कि उन्होंने जिंदगी में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं, लेकिन हर मुश्किल के बाद खुद को और मजबूत बनाया है। रश्मि ने कहा कि वह खुद को एक मजबूत सोच वाली सिंगल महिला मानती हैं। उनके मुताबिक जिंदगी में बदलाव आना बिल्कुल सामान्य है और हर इंसान को बदलाव को अपनाना सीखना चाहिए। उन्होंने कहा कि वक्त के साथ हर चीज बदलती है, इसलिए इंसान को भी आगे बढ़ते रहना चाहिए। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि उन्होंने जिंदगी से सबसे जरूरी बात यही सीखी है कि कभी रुकना नहीं चाहिए। अगर इंसान रुक जाता है तो पीछे छूट जाता है। मुश्किल समय में भी आगे बढ़ते रहना ही असली हिम्मत है। बता दें कि अपने करियर में रश्मि देसाई ने कई हिट और सुपरहिट शोज में काम किया है लेकिन जो पहचान और घर-घर में उन्हें पहचाना गया है, वो शो है 'उतरन'। इस शो में तप्पू का किरदार निभाकर तो वह रातोंरात स्टार बन गई थी। शो में नेगेटिव रोल में उन्होंने जान फूंक दी थी।



## कपिल फिर खोलेंगे मस्ती का पिटारा

**नई दिल्ली।** कॉमेडियन कपिल शर्मा इन दिनों आगामी फिल्म 'दादी की शादी' को लेकर चर्चा में हैं। नीतू कपूर की मुख्य भूमिका वाली यह फिल्म सिनेमाघरों में 8 मई, 2026 को रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है। हालांकि इससे पहले कपिल अपनी कॉमेडी की टोली के साथ वापसी करेंगे और दर्शकों को हंसी की डोज देंगे। अगर आप सोच रहे हैं कि उनका 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' लौट रहा है, तो आप सही हैं, लेकिन यहां एक ट्विस्ट भी है।



***विश्व हास्य दिवस पर दर्शकों को मिलेगा तोहफा :*** नेटफ्लिक्स ने ऐलान किया है कि विश्व हास्य दिवस के खास अवसर पर कपिल का शो एक दिन के लिए वापसी करेगा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मस्ती की कमी खल रही है? हम दोनों को! विश्व हास्य दिवस के अवसर पर इस शनिवार को एक विशेष एपिसोड भी प्रसारित किया गया। बता दें, 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के अब तक 4 सीजन आ चुके हैं।

# सिनेमा के शौकीनों के लिए मई में धमाल मचाने आएंगी कई फिल्में



**मुंबई।** फिल्मों के शौकीनों के लिए आने वाला मई का महीना जबरदस्त मनोरंजन से भरपूर होने वाला है। रितेश देशमुख से लेकर आयुष्मान खुराना तक, कई सितारे अपनी फिल्मों के साथ सिनेमाघरों का रुख करेंगे। इन फिल्मों में ऐतिहासिक ड्रामा, कॉमेडी, थ्रिलर और रोमांच से भरपूर कई शैली शामिल हैं, जिन्हें दर्शक अपनी-अपनी पसंद के हिसाब से देख सकते हैं। चलिए मई, 2026 में सिनेमाघरों में आने वाली सभी फिल्मों की सूची पर एक नजर डालते हैं।

***'राजा शिवाजी' और 'एक दिन' :*** रितेश द्वारा निर्देशित और अभिनीत ऐतिहासिक फिल्म 'राजा शिवाजी' 1 मई को रिलीज हो चुकी है। इस फिल्म में अभिनेता छत्रपति शिवाजी महाराज के किरदार को पर्दे पर जीवंत करते दिखाई देंगे। उनके साथ जेनेलिया डिसूजा, अभिषेक बच्चन और विद्या बालन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। इसी दिन सिनेमाघरों में जुनैद खान और साई पल्लवी की फिल्म 'एक दिन' भी रिलीज होगी। यह एक इमोशनल ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्माण आमिर खान प्रोडक्शन के तहत किया गया है।

***'कृष्णावतारम', 'आखिरी सवाल' और 'दादी की शादी':*** भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित पौराणिक फिल्म 'कृष्णावतारम' का पहला भाग 7 मई को रिलीज होगा। इसमें सिद्धार्थ गुप्ता और संस्कृति जयना मुख्य किरदार में हैं। संजय दत्त की फिल्म 'आखिरी सवाल' 8 मई को रिलीज हो रही है। अभिजीत मोहन वारंग द्वारा निर्देशित और निखिल नंदा, संजय दत्त द्वारा निर्मित यह फिल्म देश के संवेदनशील ऐतिहासिक विषयों पर आधारित है। इसी दिन नीतू कपूर और कपिल शर्मा की कॉमेडी ड्रामा फिल्म 'दादी की शादी' भी रिलीज हो रही है।

***'पति पत्नी और वो 2' और 'चांद मेरा दिल':*** आयुष्मान, सारा अली खान, वामिका गब्बी और रकुल प्रीत सिंह की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'पति पत्नी और वो 2' 15 मई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित यह कार्तिक आर्यन की फिल्म ' पति पत्नी और वो' (2019) का सीक्वल है। एक हफ्ते बाद, 22 मई को अनन्या पांडे और लक्ष्य अभिनीत फिल्म 'चांद मेरा दिल' सिनेमाघरों का रुख करेगी। करण जौहर द्वारा निर्मित यह फिल्म प्यार और दर्द के इर्द-गिर्द बुनी गई एक भावनात्मक प्रेम-कहानी है।

# 'क्रांतिवीर' का वो आखिरी सीन, जिसने नाना पाटेकर को बनाया रील की दुनिया का बादशाह

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता नाना पाटेकर की फिल्म क्रांतिवीर 1994 में रिलीज हुई थी। मेहुल कुमार के निर्देशन में बनी इस फिल्म के डायलॉग्स आज भी लोगों के जहन में है। खासकर नाना पाटेकर का 'आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने'. इस सीन को लेकर खुद अभिनेता ने बताया कि यह दृश्य शूट करने का कोई प्लान नहीं था। जानिए फिर कैसे बना यह सीन।

### नाना पाटेकर ने क्या कहा?

अभिनेता नाना पाटेकर ने एक इंटरव्यू में इस बात का खुलासा किया था। उन्होंने कहा कि 'क्रांतिवीर' का आखिरी का सीन जो था वो लिखा हुआ ही नहीं है। आ गए मेरी मौत का तमाशा देखने, उसे तो ऐसे ही बोल दिया था। फिल्म के क्लाइमैक्स सीन से पहले नाना पाटेकर बीमार हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। उसके दूसरे दिन ही उस सीन की शूटिंग होनी थी। फिल्म के डायरेक्टर मेहुल कुमार अभिनेता ने मिलने पहुंचे और उनसे नाना पाटेकर ने कहा कि वो तय समय पर ही क्लाइमैक्स सीन की शूटिंग करेंगे। इसके बाद अभिनेता ने अस्पताल से छुट्टी ले ली।

### एक ही टेक में पूरा किया सीन

उस सीन के लिए डायरेक्टर ने नाना पाटेकर से कहा कि जो उन्हें मन में आए बोल दें। थोड़ी देर प्रैक्टिस करने के बाद अभिनेता ने अपने बनाए शब्दों को बोल डाला और एक ही टेक में शूटिंग पूरी हो गई। फिल्म रिलीज के बाद यह सीन सबसे यादगार बन गया और आज भी लोगों के रील्स में यह डायलॉग दिख जाता है।



### फिल्म के बारे में

इस फिल्म में नाना पाटेकर के साथ डिंपल कपाड़िया, ममता कुलकर्णी, परेश रावल जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की थी। फिल्म की कहानी की बात करें, तो अपने परिवार द्वारा बेदखल किए जाने पर, एक किशोर जुआरी, प्रताप (नाना पाटेकर) मुंबई आता है, जहाँ उसे लक्ष्मीनाथ (परेश रावल) द्वारा अपनाया जाता है। हालांकि, जब लक्ष्मीनाथ की हत्या हो जाती है, तो प्रताप बदला लेने की कसम खाता है।

## एके47 राइफलों के साथ आगे बैठे थे और मैं जो भी गाने गाता था, वे हवा में चलाते थे गोलियां

# जब कुमार सानू से बंदूक की नोक पर गवाया गया एक ही गाना 16 बार

***मुंबई। सन 90 के दशक के सबसे लोकप्रिय गायकों में से एक कुमार सानू अपनी सुरीली आवाज से आज भी कई लोगों के दिलों पर राज करते हैं। गायक ने एक बार ऐसा खुलासा किया था कि सब हैरान हो गए थे. उन्हें बंदूक की नोक पर 16 बार गाना गाने के लिए मजबूर किया गया था और वे बड़ी मुश्किल से वहां से जान बचाकर भागे थे। चलिए जानते हैं वो चौंका देने वाला किस्सा।***



### 'हवा में गोलियां चलाते थे'

गायक कुमार सानू एक बार कॉमेडियन कपिल शर्मा के शो में शामिल हुए थे। वहां उन्होंने बताया कि वह एक बार बिहार के पटना में अपनी प्रस्तुति देने गए थे। उसी दौरान उन्होंने कहा, 'कुछ देर बाद, मैंने देखा कि उनमें से कुछ लोग एके47 राइफलों के साथ आगे बैठे थे और मैं जो भी गाने गाता था, वे हवा में गोलियां चलाते थे।' गायक ने बताया कि गोलीबारी के कारण कार्यक्रम में लगे तम्बू में लगभग 60 से 70 छेद हो गए थे, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज करते हुए अपना प्रदर्शन जारी रखा।



### जब डर गए सिंगर

आगे बताते हुए गायक ने बताया, 'मैंने 'मैं दुनिया भुला दूंगा' गाना शुरू किया और जैसे ही मैंने गाना बदला, राइफल लिए एक आदमी आया और मुझसे पूछा कि आपको यह गाना बंद करने के लिए किसने कहा। वह आदमी शराब के नशे में था और उसने यह भी कहा कि यह उसका पसंदीदा गाना है। फिर उसने मुझसे कहा, 'सानू जी, मैं यह गाना एक बार और सुनना चाहता हूं और आपको मेरे लिए यह गाना गाना होगा।' यह सुनकर मैं डर गया।'

### जब तान दी बंदूक

गायक ने यह भी बताया कि उन्होंने उस व्यक्ति को समझाने की कोशिश की कि वे उससे अलग गाना गाएंगे, लेकिन सब व्यर्थ रहा। कुमार सानू ने बताया कि उस व्यक्ति ने उन पर बंदूक तान दी और उन्होंने फिर से वही गाना गाना शुरू कर दिया। उन्होंने उस दिन वह गाना 16 बार गाया। उन्होंने आगे बताया, 'वे बंदूकें लेकर मंच पर आए और गाना गाने लगे। जब मैंने देखा कि मामला बिगड़ रहा है, तो मैं जल्दी से पीछे से निकल गया और पास के एक होटल में रुक गया। वहां सुबह 5 बजे तक गोलीबारी जारी रही।

## खबर संक्षेप

### शाला विकास समिति ने कराया भोजन

**पुसौर।** परीक्षार्थियों एवं उनके परिजनों के रहने खाने पीने की व्यवस्था बीते मंडी निरीक्षक परीक्षा के बाद अब फिर कक्षा आठवीं के परीक्षार्थियों के लिए हायर सेकेण्डरी स्कूल शाला विकास समिति एवं पुसौर के लोगों द्वारा पुसौर में की गई। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रीय साधन सह प्राविण्य छात्रवृति परीक्षा का पुसौर के शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तथा आत्मानंद स्कूल में आयोजित हुई साथ ही यह परीक्षा ग्राम औरदा के हायर सेकेण्डरी स्कूल में आयोजित हुई। समूचे परीक्षा केन्द्रों में 594 परीक्षार्थियों को सम्मिलित होना था। इस कड़ी में उक्त परीक्षा में शाहासे स्कूल में 250 परीक्षार्थी के स्थान पर कुल 239 छात्र सम्मिलित हुए जिसमें बालक 103 और 147 बालिकाएं रही। इसी तरह आत्मानंद स्कूल में 150 छात्र शामिल होना था जिसमें 57 बालक और 93 बालिकाएं सम्मिलित हुई और औरदा 194 छात्रों में से 97 बालक और 97 बालिकाएं सम्मिलित हुई।

### कर्मचारी संघ के नेता रहे खेमनिधि सेवानिवृत्त

**पुसौर।** छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष और शासकीय हाई स्कूल छातामुरा के व्याख्याता खेमनिधि नायक आज अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए। 1995 में पुसौर ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में कर्मचारी राजनीति शुरू करने वाले नायक 2004 तक ब्लॉक अध्यक्ष 2011 तक जिला कार्यकारी अध्यक्ष और 2021 तक रायगढ़ जिला अध्यक्ष रहे। अपने कार्यकाल में उन्होंने 1995-96 में पुसौर में कर्मचारी भवन निर्माण 1997-98 में शिक्षकों के गलत युक्तियुक्तकरण आदेश को आंदोलन से निरस्त करवाना 2000 में छिछोर उमरिया के शिक्षकों का फर्जी वेतन आहरण प्रकरण और 2002-03 में जतरी में फर्जी पार्ट फाइनल प्रकरण में आंदोलन कर शिक्षकों का पैसा वापस दिलाने जैसे अहम कार्य किए।

### 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा तापमान, सड़कों पर छाई वीरानी

# सुबह से ही झुलसा रही सूरज की किरणें, रात को भी चल रही गर्म हवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रविवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस नोट किया गया, सुबह से ही तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं, जिससे जनजीवन प्रभावित हो रहा है। शनिवार की शाम को कुछ समय तक तेज हवाएं भी चली, लेकिन इससे तापमान में कोई खास बदलाव नहीं आया। जिसकी वजह से रात को भी हल्की गर्म हवाएं चल रही थीं।

रायगढ़ जिले में गर्मी अब अपने तेवर दिखाने लगी है। अप्रैल माह खत्म होने के बाद मई माह लगते ही सुबह करीब 8 बजे के बाद से ही धूप इतनी तेज हो जाती है कि लोग बाहर निकलने से बच रहे हैं। दोपहर 12 बजे के बाद शहर की कई सड़कों पर सन्नाटा पसर जा रहा है। जरूरी काम से निकलने वाले लोग गमछा, टोपी और कपड़ों से चेहरा ढंककर ही बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से बचने के लिए लोग गन्ने के गूस, लस्सी, छाछ आदि का सेवन करते भी नजर आते हैं। मौसम विभाग के अनुसार सोमवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने का अनुमान है। ऐसे में सोमवार को तापमान में और 1 डिग्री बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। हालांकि बीच में एक दिन तापमान में मामूली गिरावट की संभावना है, लेकिन गर्मी से राहत मिलने के आसार फिलहाल नहीं हैं।



दोपहर 12 बजे सड़कें हो रही वीरान।

#### गर्म हवाओं से बेहाल, कूलर भी बेअसर

तेज लू और गर्म हवाओं के कारण लोगों का घरों में रहना मुश्किल हो रहा है। हालात ऐसे हैं कि कूलर भी ज्यादा राहत नहीं दे पा रहे। शाम तक गर्म हवाओं का असर बना रहता है। एसी और कूलर की भी करीब 20 फीसदी तक बिक्री बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर हर दिन शहर में अघोषित बिजली कटौती की वजह से शहरवासियों को दोहरी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

## गृहस्थ आश्रम सबसे बड़ा तपः बाबा प्रियदर्शी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



पीठाधीश्वर गौतम राम के अवतरण दिवस पर 55 जोड़ों के विवाह के आयोजन पर बाबा प्रियदर्शी राम ने नव दम्पत्ति हेतु आशीर्वाद देते हुए कहा आप सभी परमपूज्य अघोरेश्वर भगवान राम की असीम कृपा प्रातः स्मरणीय परमपूज्य पीठाधीश्वर गौतम राम के अवतरण दिवस के पवित्र अवसर पर परिणय सूत्र में बंधे हैं।

यह आयोजन उत्तर प्रदेश के वाराणसी शिवाला स्थित क्रीम कुंड अघोराचार्य बाबा कीनाराम अघोर शोध एवं सेवा संस्थान पर सादगी पूर्ण तरीके से आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। बाबा जी ने विवाह आयोजन के दौरान दिए संदेश में कहा यह संयोग ही परम पिता परमेश्वर का आशीर्वाद है। बाबा जी ने कहा गृहस्थ जीवन को तप, सेवा और साधना का रूप दें। जैसे शिव पार्वती, सीता राम का दाम्पत्य लोक कल्याण हेतु आदर्श बनाए वैसे ही आपका जीवन भी धर्म, प्रेम व कर्तव्य का संगम बने। पति पत्नी को दूसरे का पूरक बताते हुए पूज्य बाबा ने संदेश में कहा अहंकार का त्याग, समर्पण का भाव और परस्पर सम्मान ही सुखी दाम्पत्य के सफलता कुंजी है।




## गायत्री परिवार का नारी जागरण सम्मेलन



**सरिया।** गायत्री शक्तिपीठ सरिया के द्वारा रविवार को नारी जागरण एवं सशक्तिकरण सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं उत्साह पूर्वक शामिल हुए। शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में आयोजित नारी जागरण कार्यक्रम में महिलाओं को उनके अधिकारों, शिक्षा, स्वालंबन और संस्कारवान पीढ़ी के निर्माण के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गायत्री परिवार छत्तीसगढ़ कोर कमेटी के सदस्य श्रीमती सरला कोसरिया ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि नारियों को कुप्रथाओं से मुक्त कर उन्हें स्वालंबन बनाने और समाज में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए प्रेरित किया। आज का यह कार्यक्रम नारी जागरण को लेकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नारी जागरण अभियान के तहत महिलाओं के द्वारा दीप यज्ञ, गीत, नृत्य और संगोष्ठी के माध्यम से नारी शक्ति को जगाने का कार्य आप लोगों के द्वारा किया जाएगा। जिससे समाज में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा की संस्कृति की रक्षा और राष्ट्र उत्थान के लिए आगे आकर काम करना होगा। पश्चाचात संस्कृति से खुद को और अपने परिवार को दूर रखने की सलाह देते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति के देव परिवार के युग ऋषि पंडित श्रीराम शर्मा के सूत्रों को अपने जीवन में आत्मसात करते हुए समाज में परिवर्तन लाएं ।ताकि नारी सशक्त हो और तभी राष्ट और समाज विकास की ओर अग्रसर होगा। रविवार को आयोजित नारी जागरण संगोष्ठी में सरला कोसरिया को तिलक लगाकर एवं पुष्प माला पहनाकर का सम्मान किया गया। एक दिवसीय नारी जागरण संगोष्ठी में नगर सहित आसपास क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुए।

## नेशनल लोक अदालत 9 को, होगा समस्याओं का निदान

**रायगढ़।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के सचिव एवं अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति धरमजयगढ़ के निर्देशानुसार आज पैरा लिगल वालिंटियर द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है इस दौरान के तालुका न्यायालय स्तर तक राज़ी नामा योग्य प्रकरणों का आपसी समझौता का निराकरण किया जा रहा है नेशनल लोक अदालत को रायगढ़ जिले में भी तैयारियां तेज से चल रही है। अधिक से अधिक अधिक मामलों का निराकरण के उसका उद्देश्य से पैरा लिगल वालिंटियर द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के व्यापक जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है गांवों कस्बों दुरस्त इलाको मे लोगो को जानकारी दीया जा रहा है प्रसारण प्रसारण से जागरूक किया जा रहा है लोक अदालत में चेक बाउंस होने बैंक रिकवरी मोटर दुर्घटना दावा भरण पोषण परिवारिक विवाद श्रमिक प्रकरण भुमी विवाद विधुत जल कर समपतिकण टेलीफोन तथा राजस्व से जूडे राजिनामा योग्य मामलों को रखा जायेगा सम्बंधित पक्षकार आपसी सहमतिऔर समझौते के आधार पर अपने मामलों का निराकरण करा सकेंगे।

